



राजधानी में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ जगह-जगह पंडलों में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की विभिन्न स्वरुपों में स्थापना की गई। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी सपत्नीक गणेश प्रतिमा को 'मामा के घर' लाए।

# भाजपा कार्यालय में विधि-विधान से विराजे गजानन

## गणेश चतुर्थी पर पदाधिकारियों ने की पूजा-अर्चना, प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित की गई। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष व हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने प्रतिमा स्थापना कर पूजा-अर्चना की। सभी ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की।

प्रतिमा स्थापना के साथ ही भाजपा प्रदेश कार्यालय में गणेशोत्सव का शुभारंभ हुआ। पूजन और आरती के दौरान पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ भगवान गणेश का वंदन किया।

प्रतिमा स्थापना के अवसर पर कार्यालय परिसर में भक्ति संगीत से वातावरण भक्तिमय हो गया। पंडाल में हरे रामा, हरे कृष्णा की मधुर धुन गूंजती रही। भजन, स्तुति और जयघोष के बीच उपस्थित पदाधिकारी और कार्यकर्ता भक्ति में भावविभोर नजर आए।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मंत्री राजेन्द्र सिंह राजपूत, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन उपस्थित रहे।

### खंडेलवाल ने मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा खरीदी, डिजिटल भुगतान को दिया बढ़ावा

गणेश चतुर्थी के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सोमवार को बैतूल में स्थानीय कलाकारों द्वारा मिट्टी से हस्तनिर्मित भगवान गणेश की प्रतिमा खरीदी और उसका भुगतान डिजिटल माध्यम से किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान गणेश से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की। खंडेलवाल ने प्रदेशवासियों से गणेशोत्सव में मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं को अपनाने और स्थानीय कलाकारों व कारीगरों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का पर्व है। मिट्टी की प्रतिमा हमारी परंपरा, स्थानीय कला और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संगम है। खंडेलवाल ने प्रतिमा की खरीदी का भुगतान डिजिटल माध्यम से कर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने का संदेश दिया।



## काली मिर्च में मिले पपीते के बीज

# रंजीत लेक व्यू समेत तीन प्रतिष्ठानों में मिलीं साफ-सफाई और भंडारण व्यवस्था में कमियां



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार को तीन बड़े होटल-रेस्टोरेंट की जांच की। जांच में होटल रंजीत लेक व्यू, बापू की कुटिया और सागर गैरे रेस्टोरेंट शामिल रहे। टीम ने यहां से काली मिर्च, घी और ग्रेवी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं।

होटल रंजीत लेक व्यू में साफ-सफाई की व्यवस्था उचित पाई गई। कर्मचारियों के टोपी और एप्रन पहनने की व्यवस्था थी, लेकिन डस्टबिन खुले मिले। ड्रेनेज व्यवस्था में सुधार की जरूरत बताई गई और फ्राइंग कढ़ाई काली मिलने पर संचालक को निर्देश दिए गए। बापू की कुटिया में जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा लाइसेंस प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित नहीं मिला। कर्मचारियों के मेडिकल चेकअप और मेडिकल फिटनेस से संबंधित रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं थे। यहां से घी और लाल रंग की ग्रेवी के नमूने लिए गए। माता मंदिर के पास सागर गैरे रेस्टोरेंट का किचन सड़क की ओर से खुला मिला। यहां डस्टबिन खुले पाए गए और भंडारण कक्ष में लीकेज मिला। खाद्य पदार्थों के दूषित होने की संभावना को देखते हुए जांच की गई। कोल्ड स्टोरेज में खाद्य पदार्थों का व्यवस्थित भंडारण नहीं मिला और पेस्ट कंट्रोल का रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं था।निरीक्षण के दौरान काली मिर्च में मिलावट की आशंका पर जांच की गई। मौके पर किए गए प्रदर्शन में काली मिर्च में पपीते के बीज पाए गए। इसका विधिक नमूना लिया गया है। इसकी पुष्टि प्रयोगशाला जांच के बाद होगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग प्रदेशभर में होटल, रेस्टोरेंट, रिजॉर्ट और क्लबों की जांच का विशेष अभियान चला रहा है। यह अभियान 26 सितंबर तक जारी रहेगा। अब तक प्रदेश में 300 से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की जा चुकी है। इसके बाद रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और हाईवे स्थित बड़े ढाबों की भी जांच की जाएगी।

# भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान शुरू 19 पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारत भवन में सोमवार को दो दिवसीय भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। सहकारिता, मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मातृभाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि भाव, विचार, संस्कार और संस्कृति की अभिव्यक्ति है। अपनी भाषा और जड़ों से जुड़कर युवा सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान, साहित्य और संस्कृति से जुड़ी 19 पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। इनमें महर्षि पाणिनि, भोजदेव, महर्षि पतंजलि, भर्तृहरि और सम्राट राजेंद्र चोल से संबंधित कृतियों के साथ विभिन्न गीताओं और भारतीय संस्कृति से जुड़ी अन्य पुस्तकें शामिल हैं।

अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि भारतीय भाषाओं, बोलियों और लिपियों में देश की सभ्यता और संस्कृति की स्मृतियां सुरक्षित हैं। उन्होंने आयोजन को भाषाई विविधता और राष्ट्रीय एकता की भावना को अभिव्यक्त करने वाला प्रयास बताया। अनुष्ठान में 'मातृभाषा से राष्ट्रभाषा : भाषाओं में भारत की आत्मा' विषय पर विमर्श हुआ। बांग्ला और कश्मीरी भाषा के वक्ताओं ने विचार रखे।

भाषाई पत्रकारिता पर भी चर्चा हुई। राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में कीर्ति काले, स्वयं श्रीवास्तव, दिनेश दिग्गज, शैलेन्द्र मधुर, अज़हर इकबाल और रामायणधर द्विवेदी ने काव्य पाठ किया। भारत भवन में 'शब्द से चित्र तक' प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें भारतीय भाषाओं के साथ तिब्बत, नेपाल और दक्षिण-पूर्व एशिया की चित्रित पांडुलिपियों की परंपरा प्रदर्शित की गई। पूर्वरंग में भारतीय भाषाओं और लोकबोलियों के गीतों की प्रस्तुति हुई।

# 'डॉ. मोहन भागवत संदेश' पुस्तक का विमोचन

## वक्ताओं ने राष्ट्रचिंतन और सामाजिक समरसता पर रखे विचार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इमाम के चीफ इमाम डॉ. उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत हमेशा संवाद में विश्वास रखते हैं और उनका व्यक्तित्व विराट है। उन्होंने कहा कि भारत की विशेषता उसकी विविधता और सामाजिक ताने-बाने में है।

आपसी संवाद से समाज में विश्वास और सौहार्द मजबूत होता है। डॉ. इलियासी विधानसभा परिसर के मानसरोवर सभागार में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक कृष्णमोहन झा की पुस्तक 'डॉ. मोहन भागवत संदेश' के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। पुस्तक का विमोचन पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा और आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने किया। महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

डॉ. इलियासी ने कहा कि भारत का सामाजिक जीवन विभिन्न परंपराओं, विचारों और संस्कृतियों से मिलकर बना है। ऐसे में एक-दूसरे को समझने के लिए संवाद जरूरी है। उन्होंने पुस्तक के लेखक कृष्णमोहन झा के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इसमें डॉ. मोहन भागवत के विचारों को एक स्थान पर संकलित किया गया है।

डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि पुस्तक में विभिन्न विषयों पर डॉ. भागवत के विचारों के साथ उनका विश्लेषण और निष्कर्ष भी प्रस्तुत किया गया है। स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने राष्ट्रचिंतन और सामाजिक समरसता से जुड़े विचारों को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि डॉ. मोहन भागवत एक विचार हैं और उनके विचारों को पाठकों तक पहुंचाने का यह प्रयास प्रशंसनीय है। लेखक कृष्णमोहन झा ने बताया कि पुस्तक में राष्ट्रचिंतन, सामाजिक समरसता, राष्ट्र निर्माण और युवाओं से जुड़े विषयों को शामिल किया गया है।

# समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा बेचने किसानों का पंजीयन आज से

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा बेचने के लिए किसानों का पंजीयन 15 सितंबर से शुरू होगा। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकेंगे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से निर्धारित अवधि में पंजीयन कराने का आग्रह किया है। प्रदेश में पंजीयन के लिए 1100 से अधिक केंद्र बनाए गए हैं। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों के साथ सहकारी समितियों और सहकारी विपणन संस्थाओं के केंद्रों पर पंजीयन निशुल्क होगा। एमपी ऑनलाइन कियोस्क, सामान्य सेवा केंद्र, लोक सेवा केंद्र और निजी साइबर कैफे पर पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था रहेगी। इसके लिए अधिकतम 50 रुपये शुल्क निर्धारित है। सिकमी, बटाईदार, कोटवार और वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन केवल सहकारी समितियों और सहकारी विपणन संस्थाओं के केंद्रों पर होगा। इन किसानों का राजस्व विभाग द्वारा सत्यापन किया जाएगा। पंजीयन की जानकारी किसानों को संदेश के माध्यम से दी जाएगी।


## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जयप्रकाश जिला चिकित्सालय भोपाल, (मध्यप्रदेश),

(1250, तुलसी नगर भोपाल, परिसर, भोपाल)

क्र/ज.प्र.जि.चि./भण्डार/2026 निविदा सूचना (द्वितीय अवसर) भोपाल दिनांक :

जयप्रकाश जिला चिकित्सालय भोपाल कम्प्यूटर, प्रिन्टर, फोटोकॉपी मशीन आदि की सर्विस एवं पार्टस हेतु एम पी टेण्डर पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा मे इच्छुक निविदाकार ऑनलाईन निविदा जमा कर सकते है। निविदा से संबंधित शर्ते, नियम, संशोधित पत्र आदि का ब्यौरा समय समय पर MP Tender Portal Web Site https://mptenders.gov.in/ पर ऑनलाईन देखा जा सकता हैं। जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं :

| क्र. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | प्रकाशन तिथि | 15-09-2026, 11:30 AM |
| 02 | दस्तावेज डाउनलोड / विक्रय प्रारंभ तिथि | 16-09-2026, 11:40 PM |
| 03 | दस्तावेज डाउनलोड / विक्रय समाप्ति तिथि | 06-10-2026, 05:00 PM |
| 04 | निविदा (बिड) जमा करने की प्रारंभ तिथि | 16-09-2026, 02:45 PM |
| 05 | निविदा (बिड) जमा करने की अंतिम तिथि | 07-10-2026, 11:30 AM |
| 06 | प्री-बिड बैठक की तिथि | 23-09-2026, 11:30 AM |
| 07 | तकनीकी निविदा (बिड) खोलने की तिथि | 09-10-2026, 11:30 AM |
| 08 | वित्तीय निविदा (बिड) खोलने की तिथि | समिति द्वारा निर्धारित |

(डॉ संजय जैन)
सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जय प्रकाश जिला चिकित्सालय भोपाल (म.प्र.)

जी-18607/26


# हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का संयोग



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी एक साथ होने से सोमवार को राजधानी में सुबह से धार्मिक माहौल रहा। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा, वहीं दोपहर के शुभ मुहूर्त में शहर के विभिन्न स्थानों पर गणपति स्थापना का सिलसिला शुरू हुआ। कई पंडालों में भगवान गणेश विराज चुके हैं, जबकि कुछ जगह प्रतिमाओं के आने का इंतजार रहा।

शहर में गणेश उत्सव के लिए 300 से अधिक स्थानों पर पंडाल सजाए गए हैं। छोटी से लेकर विशाल प्रतिमाएं ट्रैक्टर-ट्रॉली, मालवाहक वाहनों और अन्य वाहनों से पंडालों तक पहुंचाई गईं। श्रद्धालुओं ने ढोल-ताशों और जयकारों के साथ बप्पा का स्वागत किया। टीटी नगर, जहांगीराबाद, जवाहर चौक, कोलार, मंगलवारा और बरखेड़ा पठानी सहित कई इलाकों में भक्तों की आवाजाही रही। हरतालिका तीज के कारण महिलाओं में भी उत्साह रहा। महिलाओं ने सुबह निर्जला व्रत रखा। शाम को प्रदोष काल में भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन किया गया। इसके बाद रातभर जागरण कर तीज की पूजा-अर्चना होगी। गणेश स्थापना और तीज के चलते बाजारों में भी चहल-पहल रही। लोग गणेश प्रतिमाओं के साथ पूजन सामग्री, फूल-माला और सजावट का सामान खरीदते नजर आए। वहीं पंडालों में कार्यकर्ता सजावट को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

### नरोत्तम निवास पर गणेश की स्थापना



पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आज विघ्नहर्ता एवं मंगलकर्ता भगवान श्री गणेश को अगाध श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ राजधानी स्थित अपने निवास पर लाकर विधि-विधान से विराजमान किया।

### निर्जला व्रत रख अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना की

दादाजी धाम मंदिर में सोमवार को हरतालिका तीज श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाई गई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की सामूहिक पूजा की। पुष्पों और गुलाबी-पीले वस्त्रों से सजे मंडप में महिलाओं ने विधि-विधान से पूजन कर अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। दीपों की ज्योति और शिव-पार्वती के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। तिथि भेद के कारण इस वर्ष हरतालिका तीज के साथ गणेश चतुर्थी का भी संयोग रहा।


## महाराजा अग्रसेन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

(पंजीयन क्रमांक डी.आर.बी./394, दिनांक 30.3.1984)

क्रमांक/साधारण सभा/वसू/2026-27/11
दिनांक 3/9/2026

वार्षिक साधारण सभा की सूचना

महाराजा अग्रसेन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल के समस्त सम्मानीय सदस्यों अंशधारी को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 20/9/26 दिन रविवार को स्थान अग्रसेन नगर संस्था भूमि समरधा होशंगाबाद रोड पर समय सुबह 10.30 पर आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। बैठक की सूचना समस्त सदस्यों को डाक के माध्यम से प्रेषित की जा चुकी है।

अध्यक्ष (राजेश गुप्ता)

1624



## जय भवानी गृह निर्माण सहकारी संस्था, भोपाल

पंजीयन क्र. - डीआरबी-324/10.03.1983

क्रमांक/संस्था/आमसभा/11/14.09.2026

वार्षिक साधारण सभा की सूचना

सभी सम्मानीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था कि वार्षिक साधारण सभा दिनांक 29.09.2026 दिन मंगलवार समय 11.00 बजे स्थान भरत नगर कम्युनिटी हॉल, विश्वनाथ मंदिर के पास, भोपाल पर आयोजित की जा रही है। सभी सदस्यो की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

सभी सदस्यों को डाक द्वारा भी सूचना पत्र प्रेषित किये जा चुके है। जिन सदस्यो को किसी कारणवश सूचना प्राप्त नहीं हुई हो तो वह इस सूचना को आमंत्रण मानकर बैठक की कार्यवाही मे अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का कष्ट करें। सदस्य अपने साथ आधार एवं उसकी प्रति साथ लाएं।

नोट- कोरम के अभाव मे बैठक स्थगित कर उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात प्रारंभ की जावेगी। जिसमें कोरम पूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

अध्यक्ष

1623



## कार्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं, भोपाल संभाग भोपाल

( 'डी 'ब्लॉक पुराना, सचिवालय भोपाल)

क्रमांक / परिसमापन / 2026/924 भोपाल, दिनांक 10/09/2026

कारण बताओ सूचना पत्र

(म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18 (क) के अन्तर्गत)

कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला भोपाल द्वारा ट्यूलिप ग्रीन रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल पंजीयन क्रमांक (डी.आर.बी./1190 दिनांक 15.09.2014) का पंजीयन म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 के प्रावधानों के अंतर्गत पंजीयन निरस्त करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया है। उक्त प्रस्ताव अनुसार ट्यूलिप ग्रीन रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल पंजीयन क्रमांक (डी.आर.बी./1190 दिनांक 15.09.2014) के विरूद्ध की गई शिकायत की जांच में पाए गऐ तथ्यों के आधार पर लेख है कि ट्यूलिप ग्रीन रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल का अंकेक्षण, पंजीयन दिनांक से लंबित है संस्था के पदाधिकारियों द्वारा कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात भी निर्वाचन प्रस्ताव कार्यालय में प्रस्तुत नही किया गया, संस्था अपने पंजीकृत पते पर उपलब्ध नहीं है, संस्था द्वारा मेंटेंनेस एवं रखरखाव का कार्य नही किया जा रहा है एवं संस्था अपने उद्देश्यों की पूर्ति करने में असमर्थ है। अतः उक्त संस्था का पंजीयन जीवित रखा जाना अधिनियम के प्रावधानो के अनुरूप आवश्यक प्रतीत नहीं होता है। प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः-

| क्र | संस्था का नाम | पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक | कार्यालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता द्वारा जारी कारण बाताओं सूचना पत्र का क्र. एवं दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्यूलिप ग्रीन रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल | डी.आर.बी./1190 दिनांक 15.09.2014 | 895/08.09.2026 |

अतः उपरोक्त उल्लेखित सहकारी संस्था के समप्रवर्तकों, संचालक मण्डल और संस्था के सदस्यों को म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18 (क) के अंतर्गत इस लोकसूचना के माध्यम उपरोक्त संस्था का रजिस्ट्रीकरण समाप्त करने के संबंध में पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया जाता है कि रजिस्ट्रीकरण समाप्त करने के संबंध में यदि किसी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। यदि कोई व्यक्तिगत्त रूप से पक्ष प्रस्तुत करना चाहता हो तो दिनांक 28.09.2026 को मेरे समक्ष कार्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल संभाग भोपाल, डी ब्लॉक पुराना सचिवालय भोपाल में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त समयावधि में कोई पक्ष समर्थन प्रस्तुत नहीं होने अथवा पक्ष समर्थन समाधानकारक नहीं होने की स्थिति में प्रस्तावित आदेश पारित कर दिया जावेगा।

यह कारण बताओं सूचना पत्र आज दिनांक 10.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(के.के. द्विवेदी)
संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं, भोपाल संभाग भोपाल

जी-18605/26